**17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान**

# प्रदेश में 12 कार्यक्रम, 71 हजार बूथों तक पहुंचेगी भाजपा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में अभियान की जानकारी दी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री की 25 वर्ष की यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रही है। अभियान का उद्देश्य उनकी सेवा यात्रा से जन-जन को परिचित कराना और सेवा के संस्कार को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि अभियान सेवा, स्वच्छता, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जाएगा।

हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि अभियान के तहत 12 अलग-अलग कार्यक्रम होंगे और भाजपा कार्यकर्ता 71 हजार से अधिक बूथों के लाभार्थी परिवारों तक पहुंचेंगे। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा दिवस मनाया जाएगा। इसी दिन शाम सात बजे लाभार्थी परिवारों के घर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित कर विकसित भारत-2047 का संकल्प लिया जाएगा। 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्कूलों में विकसित भारत विषय पर चित्रकारी और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी।

2 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रदेश के 11,404 शक्ति केंद्रों पर सेवा की कहानी कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों की वास्तविक कहानियां साझा की जाएंगी। 7 अक्टूबर को सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर जिलों और गांवों में पदयात्रा, साइकिल और बाइक रैलियां निकाली जाएंगी।

सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत 25 प्रकार की सेवा गतिविधियों में श्रमदान किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर सेवा सेतु शिविर लगाए जाएंगे। सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियां आयोजित होंगी। 17 अक्टूबर को सेवा सुशासन संवाद के साथ अभियान का समापन होगा।

# आधुनिक परिवहन व्यवस्था के लिए तकनीक और नवाचार पर जोर

**मुख्यमंत्री ने यात्री परिवहन विजन समिट-2026 में प्रदर्शनी का किया शुभारंभ**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित यात्री परिवहन विजन समिट-2026 के दौरान तकनीक, नवाचार और प्रदेश की नवीन परिवहन व्यवस्था पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित उद्योग प्रदर्शनी में बस निर्माताओं, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और विभिन्न शासकीय निगमों ने अपनी गतिविधियों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में विभिन्न कंपनियों द्वारा प्रदर्शित बसों का अवलोकन किया और उनके फीचर्स तथा आधुनिक तकनीकी सुविधाओं की जानकारी ली।

प्रदर्शनी में परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और प्रभावी बनाने से जुड़े तकनीकी समाधान, सेवाएं, उत्पाद और नवाचार प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में भविष्य में

परिवहन के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में उपयोग होने वाली विद्युत बसों को भी प्रदर्शित किया गया। इसमें थिंक गैस, यश टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन ऑयल, लाइट मेट्रिक्स, एमपीआईडीसी, क्यूब कंस्ट्रक्शन, कल्याणी पावरट्रेन लिमिटेड और ओम्निफिसेंट सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में परिवहन क्षेत्र के आधुनिक समाधान, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा एवं ईंधन संबंधी सुविधाओं और अधोसंरचना विकास की संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

## डॉ. भागवत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

**नप्र, भोपाल :**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प के साथ मां भारती के लिए समर्पित डॉ. भागवत का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। भारतीय संस्कृति, सनातन जीवन-मूल्यों और राष्ट्र की एकात्म चेतना के प्रति उनका चिंतन समाज को कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है। मुख्यमंत्री ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर ऊर्जा की कामना की।

## विवेकानंद के शिकागो उद्बोधन की 133वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो उद्बोधन की 133वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 1893 को विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी संबोधन ने भारतीय संस्कृति, सहिष्णुता और विश्वबंधुत्व की भावना को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया।

# फिर सक्रिय हुआ मानसून, कई जिलों में तेज बारिश

**भोपाल, दमोह और खंडवा में बरसे बादल, 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तीन दिन के अंतराल के बाद मध्य प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां फिर सक्रिय हो गई हैं। शुक्रवार को भोपाल, दमोह, टीकमगढ़ और खंडवा में तेज बारिश हुई।

दमोह के निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, मैहर, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र और मानसून ट्रफ सक्रिय है। पश्चिमी हिस्से में चक्रवाती परिसंचरण भी बना हुआ है। इसके प्रभाव से बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। शनिवार से इंदौर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभाग में भी बारिश की संभावना है। सिंगरौली के माटीडांड़ टोले में काचन नदी उफान पर आने से ग्रामीणों ने पुल की मांग को लेकर नदी में उतरकर जल सत्याग्रह किया। पानी बढ़ने पर ग्रामीणों ने नाव से प्रदर्शन जारी रखा। प्रदेश में अब तक 795.3 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 8 प्रतिशत कम है। पूर्वी हिस्से में दो और पश्चिमी हिस्से में 13 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि 22 जिलों में औसत से अधिक बारिश हुई है। इनमें भोपाल, ग्वालियर, सतना, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, शिवपुरी और श्योपुर सहित अन्य जिले शामिल हैं।

## दिव्यांगों की अटकी भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू करने की तैयारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया ने शुक्रवार को मंत्रालय में मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से मुलाकात कर दिव्यांगजनों के रोजगार, शिक्षा, पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कई प्रस्ताव रखे। उन्होंने विशेष भर्ती अभियान की समय-सीमा बढ़ाने और वॉक-इन साक्षात्कार के माध्यम से होने वाली भर्ती पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया। आयुक्त ने बताया कि दिव्यांगजनों के आरक्षित पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। वॉक-इन साक्षात्कार के माध्यम से भरे जाने वाले कुछ पदों पर रोक लगने से विज्ञापन जारी होने के बाद भी भर्ती प्रक्रिया और चयन सूची जारी नहीं हो सकी। उन्होंने लगभग पूरी हो चुकी भर्ती प्रक्रियाओं को देखते हुए रोक पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती में दिव्यांग महिला आवेदकों को अतिरिक्त लाभ देने का प्रस्ताव भी रखा गया। इसके अलावा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के 60 छात्रावासों को वर्षभर संचालित करने और संस्थाओं का चयन कम से कम पांच वर्ष के लिए करने का सुझाव दिया गया।

**आयुक्त ने मुख्य सचिव से की मुलाकात, विशेष भर्ती अभियान की अवधि बढ़ाने सहित रखे कई प्रस्ताव**

# सरकारी मामलों में अफसरों पर केस से पहले लेनी होगी अनुमति

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय ने जारी किए निर्देश**

**लोकायुक्त के 295 मामले अभियोजन स्वीकृति के इंतजार में**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में अब राजपत्रित अधिकारियों के खिलाफ सरकारी कामकाज से जुड़े मामलों में आपराधिक कार्रवाई से पहले तय कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा। ऐसे मामलों में अदालत के संज्ञान लेने से पहले राज्य शासन से अभियोजन स्वीकृति लेना आवश्यक होगा। पुलिस मुख्यालय के अपराध अनुसंधान विभाग ने इस संबंध में प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी किए हैं।

निर्देश में हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के 19 जुलाई 2026 के आदेश का हवाला दिया गया है। हाईकोर्ट ने एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ आवश्यक अभियोजन स्वीकृति के बिना दर्ज शिकायत पर अदालत द्वारा संज्ञान लेने के आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने संबंधित कानूनी प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। यदि कोई राजपत्रित अधिकारी अपने सरकारी पद की जिम्मेदारी निभाते समय ऐसा कार्य करता है, जिसे लेकर आपराधिक शिकायत की जाती है और मामला उसके आधिकारिक कामकाज से सीधे जुड़ा है, तो आगे की न्यायिक कार्रवाई से पहले शासन की अनुमति जरूरी हो सकती है। पहले यह प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197 में था, जिसे अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 में रखा गया है। इसका अर्थ यह नहीं है कि सरकारी अधिकारी के खिलाफ शिकायत नहीं की जा सकती। आधिकारिक कर्तव्य से सीधे जुड़े मामलों में अदालत द्वारा संज्ञान लेने से पहले अभियोजन स्वीकृति की कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उल्लेखनीय है कि दूसरी ओर, लोकायुक्त पुलिस के 295 मामले अभियोजन स्वीकृति के अभाव में लंबित हैं। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और राज्य के राजपत्रित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। नगरीय विकास एवं आवास के 36, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 15, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के 12, सामान्य प्रशासन के 11 और लोक निर्माण विभाग के 10 मामले लंबित हैं। राजस्व के छह, जल संसाधन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा वन विभाग के पांच-पांच मामले भी लंबित हैं। अन्य विभागों के मामले भी शासन स्तर पर अभियोजन स्वीकृति के इंतजार में हैं।

# राजस्व मामलों की पेंडेंसी घटाने तीन संभागों में अपर आयुक्त नियुक्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के राजस्व न्यायालयों, विशेषकर संभागायुक्त न्यायालयों में बढ़ती लंबित मामलों की संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने रीवा, जबलपुर और सागर संभाग में अपर आयुक्त (राजस्व) की पदस्थापना की है। इन नियुक्तियों से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आने की उम्मीद है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 2012 बैच के आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार मोर्य को अपर आयुक्त (राजस्व), जबलपुर संभाग नियुक्त किया गया है। 2013 बैच के कैलाश वानखेड़े और अमर बहादुर सिंह को अपर आयुक्त (राजस्व), रीवा संभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं 2014 बैच के चंद्रशेखर शुक्ला को अपर आयुक्त (राजस्व), सागर संभाग पदस्थ किया गया है। सभी अधिकारियों को नई पदस्थापना पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। तीनों संभागों में संभागायुक्त के अलावा अपर आयुक्त के दो पद स्वीकृत हैं। रीवा संभाग में राजस्व न्यायालयों के सबसे अधिक प्रकरण लंबित हैं। यहां संभागायुक्त के पद पर शीलेंद्र सिंह पदस्थ हैं। जबलपुर में संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया हैं।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा ने की तैयारियों की समीक्षा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश टोली और विभिन्न कार्यक्रमों की टोलियों की बैठक ली। बैठक में अभियान की तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पार्टी के प्रदेश महामंत्री तथा अभियान के प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, निर्मला भूरिया, विश्वास सारंग, इंदर सिंह परमार, कृष्णा गौर, धर्मेंद्र सिंह लोधी, नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अभियान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।

## प्रमुख सचिव ने ग्रामीणों से जानी बिजली आपूर्ति की स्थिति

**नप्र, भोपाल :**मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने शुक्रवार को देवास जिले का भ्रमण किया। टोंकखुर्द विकासखंड के अमोना गांव में जन चौपाल लगाकर उन्होंने घरेलू, कृषि और गैर घरेलू श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से बिजली आपूर्ति, सिंचाई के लिए मिलने वाली बिजली, सब्सिडी और बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था को संतोषजनक बताया। इस दौरान अन्य शासकीय योजनाओं की भी जानकारी ली गई। जन चौपाल के बाद प्रमुख सचिव ने कुसुम-अ योजना के तहत अमोना में स्थापित दो मेगावाट और डेढ़ मेगावाट क्षमता के संयंत्रों का निरीक्षण किया तथा उत्पादित बिजली की जानकारी ली।

## मुक्तिबोध की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुप्रसिद्ध रचनाकार गजानन माधव मुक्तिबोध की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुक्तिबोध ने 'ब्रह्मराक्षस' और 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' जैसी रचनाओं के माध्यम से मानव जीवन के संघर्ष को स्वर दिया।

# दस दिन में चोरी की 1.89 करोड़ की संपत्ति जब्त

**सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर प्रदेशभर में पुलिस की कार्रवाई**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश पुलिस ने चोरी, नकबजनी और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिछले दस दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 1 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक की चोरी की संपत्ति जब्त की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से कई मामलों का खुलासा किया।

इंदौर में पुलिस ने लिफ्ट से चोरी हुए आठ लाख रुपये और डिलीवरी पार्सल से चोरी हुए 273 ग्राम सोने के मामले में कार्रवाई कर करीब 48 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। खरगोन में ट्रांसफार्मर का तेल चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपितों से 1,860 लीटर तेल और तीन वाहन सहित करीब 22 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई। जिले में अन्य चोरी के मामलों में भी कार्रवाई हुई।

मंदसौर पुलिस ने पांच राज्यों में 17 स्थानों पर नकबजनी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर करीब 20 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। गरोठ में एटीएम काटने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपित पकड़े गए और छह लाख रुपये नकद सहित सामग्री बरामद की गई। सिंगरौली में चोरी का करीब 10 टन लोहा और ट्रक सहित 23.50 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। अनूपपुर में 49 डीआई पाइप और ट्रक सहित करीब 23.50 लाख रुपये की संपत्ति बरामद हुई। मुरैना में 90 घरेलू गैस सिलेंडर और वाहन सहित करीब 14 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। देवास, विदिशा, शाजापुर, बड़वानी, छतरपुर और ग्वालियर में भी चोरी के मामलों का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

# उद्यमियों की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा

**मुख्य सचिव बर्णवाल ने धार में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत यशस्वी हितग्राहियों और उद्यमियों से किया संवाद**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को धार में आयोजित यशस्वी संवाद एवं उद्यमी संवाद कार्यक्रम में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने यशस्वी हितग्राहियों, उद्यमियों, प्रगतिशील किसानों और खेल प्रतिभाओं से संवाद किया। उन्होंने प्रतिभागियों की सफलता की कहानियां सुनीं और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे संवाद से आत्मनिर्भरता, स्थानीय उद्यमिता, नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। प्रदेश में एमपी एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 और एमपी स्टार्ट-अप योजना-2025 के माध्यम से नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रभांशु पंड्या ने सॉफ्टवेयर क्षेत्र में स्टार्ट-अप स्थापित कर 13 युवाओं को रोजगार देने और 50 लाख रुपये का कारोबार करने की जानकारी दी। नेहा जायसवाल ने हथकरघा और बाग प्रिंट के माध्यम से महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास बताए। लखन-मोहनलाल पाटीदार ने पॉलीहाउस में गुलाब की खेती से 18 लाख रुपये प्रति एकड़ लाभ और ऑटोमेशन आधारित ब्लूबेरी खेती से आय की जानकारी दी।

प्रगतिशील किसान संगीता भाभर ने देशी बीज बैंक के माध्यम से पारंपरिक बीज संरक्षण और किसानों को जैविक संसाधन उपलब्ध कराने की जानकारी साझा की।

**समीक्षा** *मुख्य सचिव ने समाधान ऑनलाइन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की*

# लंबित शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने शुक्रवार को धार में समाधान ऑनलाइन के साथ विभागीय कार्यों और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ताओं से स्वयं बात करें और सौ दिन या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

समाधान ऑनलाइन में जुबे खां की पुलिस प्रकरण से संबंधित शिकायत की समीक्षा की गई।

प्रकरण का निराकरण हो चुका था, लेकिन देरी पर मुख्य सचिव ने पुलिस अधीक्षक को संबंधित थाने के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने थानों की समीक्षा कर चालान लंबित नहीं रखने और प्रत्येक कार्य की समय-सीमा तय करने को कहा।

सुरेश कुमावत के घर जलने के मामले में सहायता राशि मिलने में देरी पर संबंधित समय के नायब तहसीलदार और रीडर की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। पप्पू मंडलोई की पेयजल संबंधी शिकायत 107 दिन से लंबित थी। मुख्य सचिव ने नल-जल योजनाओं की नियमित निगरानी और साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश दिए।

निशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना की शिकायत का निराकरण होने पर सामाजिक न्याय विभाग को लंबित शिकायतें एक सप्ताह में निपटाने को कहा गया। स्वरोजगार योजना की सब्सिडी और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की किस्त से जुड़ी शिकायतों पर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतों पर कार्रवाई और संबंधित मामलों में राशि काटने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को एनआरसी में बच्चों को भर्ती कराकर आवश्यक स्वास्थ्य लाभ दिलाने को कहा गया। बैठक में स्वामित्व योजना और प्लॉट रजिस्ट्री की तैयारियों की भी समीक्षा हुई।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com